समाचार

आयुक्त ने दिलाई निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ

कोरबा 10 अप्रैल 2019 —नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों ने आज साकेत भवन में अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने अधिकारी कर्मचारियों को मतदान की शपथ ग्रहण कराई, इस मौके पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा के साथ—साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती किरण कौशल के कुशल मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2019 के अंतर्गत संचालित किए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में अधिकारी कर्मचारियों को मतदान हेतु शपथ दिलाने का कार्यक्रम रखा गया था। आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ लेते हुए अधिकारी कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा,उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, आर.के.भोजासिया, डॉ.संजय तिवारी, कार्यालय अधीक्षक एस.सी.जैन, राजस्व अधिकारी श्रीधर बनाफर, अनिरूद्ध सिंह, राजबहादुर सिंह, अशोक बनाफर, संजीव बोपापुरकर, नासिर सईद, बद्रीप्रताप सिंह, शंकर साहू, रामाधार सागर, खलील खान, हरिहरदास महंत, आर.ए.आनंद, जे. पी.बैसवाड़े, अशोक बनाफर, बीना एंथोनी, आनंद दुबे, गोविंद पालीवाल, रामखिलावन साहू, द्वासराम साहू, रघुराम यादव, आभा सिंह, ललिता तिग्गा, तारा भगत, कुमुदनी तिवारी, शीतला, नीलाम्बर यादव, उत्तम साहू, सुभाष राठिया, परमेश्वर शर्मा, नवधा चन्द्रा, प्रिंस सिंह, रामकार्तिक साहू आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने मतदान की शपथ ली।